दिनांक 11/07/2024 को फ्लैट में हुई चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर थाना राजपुर पुलिस ने किया खुलासा, घटना को अंजाम देने वाले 01 अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

दिनांक: 09/07/24 को वादी श्री श्यामलाल शर्मा निवासी ठाकुरपुर, प्रेमनगर द्वारा थाना राजपुर पर प्रार्थना पत्र दिया कि गर्वित अपार्टमेंट निकट सहस्त्रधारा हेलीपैड थाना राजपुर देहरादून स्थित उनके फ्लैट से अज्ञात चोर द्वारा अलमारी का लॉकर तोड़कर 1,90,000/- रुपए नगद, 02 घड़ी व अन्य सामान चोरी कर लिया हैं, जिस पर थाना राजपुर पर मु0अ0सं0- 160/2024 अंतर्गत धारा 305 भारतीय न्याय संहिता बनाम अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया।

घटना के अनावरण, अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों पर थाना राजपुर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास लगे लगभग 152 सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर पूर्व में इस प्रकार के अभियोगों में जेल गये अभियुक्तों की वर्तमान स्थिती के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गई।

पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 10/07/24 को रात्रि चेकिंग के दौरान काठ बांग्ला बस्ती के पास से घटना में शामिल अभियुक्त मनु शर्मा को चोरी गए रुपए व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण:-

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उनसे पूर्व में वादी के घर पर मजदूरी का कार्य किया था तथा वादी के फ्लैट में होने वाली सभी गतिविधियों से वह भली भाति वाकिफ था। अभियुक्त को वादी के घर पर रूपये रखे होने के सम्बन्ध में जानकारी थी, जिसे उसने चोरी करने की योजना बनाई तथा दिनांक: 09-07-24 की रात्रि में खिडकी के रास्ते वादी के फ्लैट में घुसा और वहां अलमारी के लॉकर को तोडकर उसमें रखे रूपये व कीमती घडियां चोरी कर ली।

नाम पता अभियुक्त:-

मनु शर्मा पुत्र जीत शर्मा निवासी 88 काठ का पुल ,लाल कुर्ती, जनपद मेरठ, उत्तर प्रदेश, उम्र 33 वर्ष

बरामदगी :-

1- 1,19,220 रुपए नगद

2- 01 घड़ी (CARLINGTON)

पुलिस टीम :-

1- उ०नि० पी०डी० भट्ट, थानाध्यक्ष राजपुर

2- उ०नि० मुकेश नेगी

3- कां० दिनेश नेगी

4- कां० सूरज